
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**10 जनवरी 2025**


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कोई किसी को सिखा नहीं सकता जब खुद में इच्छा जगती है तभी कोई सीख पाता है।

**अरबिंदो घोष**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

विश्व हिन्दी दिवस

10 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हिन्दी हमारे देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है।




- माखनलाल चतुर्वेदी

*Vishwa Vijay Singh*

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

10 जनवरी

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, पुत्रदा एकादशी, शुक्रवार 10 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"अगर आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हैं तो आपको पहले सूर्य की तरह जलना होगा।"

–ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## आज के दिन

1615– ब्रिटिश राजदूत सर थॉमस रो ने अजमेर में जहांगीर से मुलाकात की। सर थॉमस रो को मुगल दरबार में पहला अंग्रेज राजदूत नियुक्त किया गया।

1836– प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने अपने चार छात्रों के साथ मिलकर पहली बार मानव भारीर का विच्छेदन कर आंतरिक संरचना का अध्ययन किया।

1863– दुनिया की सबसे पहली भूमिगत रेल का उद्घाटन। यह रेल लंदन की पैडिंग्टन और फैरिंग्टन स्ट्रीट के बीच चलायी गई थी।

1920– राष्ट्रसंघ की स्थापना

1974– भारतीय फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का जन्म

2008– टाटा कंपनी ने नई दिल्ली में विश्व की सबसे सस्ती कार 'नैनो' लांच किया था।

1. **विश्व हिन्दी दिवस**– विश्व हिन्दी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्वभर में हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना है और हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विश्व हिन्दी दिवस मनाने की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी, 2006 को किया था। पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन नागपुर में 10–14 जनवरी 1975 को आयोजित किया गया था।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को हिन्दी के महत्व के बारे में निबंध लेखन अथवा भाषण करवाएं।

2. **ताशकन्द समझौता पर हस्ताक्षर**– अगस्त, 1965 के पहले सप्ताह में पाकिस्तान के 30–40 हजार सैनिकों ने कश्मीर से लगी भारतीय सीमा में घुसने के लिए 'ऑपरे"ान जिब्राल्टर' चलाया था। भारत को पाकिस्तान के इस चाल की जानकारी लग गई और 1965 में दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया। 10 सितम्बर, 1965 की रात को भारत ने पाकिस्तान पर ऐसा जबरदस्त हमला किया कि पाकिस्तानी सेना अपनी 25 तोपों को छोड़कर भाग गयी। भारतीय सेना के हवलदार वीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के कई टैंक बर्बाद कर दिये। युद्ध विराम के लिए सोवियत संघ ने जनवरी 1966 के पहले हफ्ते में समझौते की शर्तों पर विचार करने के लिए भारत और पाकिस्तान को ताशकंद में बुलाया। भारत को सिर्फ सोवियत संघ पर ही भरोसा था। ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आता है और उस समय सोवियत संघ का हिस्सा था।

   10 जनवरी, 1966 की तारीख को युद्ध विराम के लिए भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर किये। इसके पश्चात् भारत–पाकिस्तान के बीच 1965 ई. की जंग समाप्त हुई।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को मानचित्र पर ता"ाकंद की भौगोलिक अवस्थिति पता करने को कहें।
   - भारतीय सेना के हवलदार **वीर अब्दुल हमीद** की वीरता की कहानी बताये या पढ़ने को कहें।


3. **सीमेंट का आविष्कार**– सन् 1824 में इंग्लैंड के एक मिस्त्री, जिसका नाम जोसेफ एस्पडिन था, ने पोर्टलैंड पत्थर का प्रयोग कर सीमेन्ट का निर्माण किया। यह सीमेन्ट स्लेटी रंग का पाउडर होता है जो नमी या पानी के सम्पर्क में आकर पत्थर जैसा कड़ा हो जाता है। सीमेन्ट बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में कैल्शियम, सिलिकॉन, लोहा और ऐलुमिनियम का उपयोग होता है। चुना पत्थर के अंदर कैल्शियम होता है और सिलिकॉन, लोहा और ऐलुमिनियम रेत के अंदर होता है। फिर इनको साफ करके अच्छी तरह पीसा जाता है और एक पाउडर तैयार किया जाता है। आमतौर पर चूनापत्थर और रेत का अनुपात 80:20 होता है।। फिर इस चूर्ण को 1500 डिग्री सेल्सियस पर गर्म किया जाता है। रासायनिक प्रतिक्रिया के फलस्वरूप सीमेन्ट का निर्माण होता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों से पूछें कि पक्का घर बनाने में किन–किन चीजों का इस्तेमाल होता है। सीमेंट का इस्तेमाल और कहाँ–कहाँ किया जाता है?

4. **राष्ट्र संघ की स्थापना**– राष्ट्र संघ एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विटजरलैंड में था। इसका गठन प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी, 1920 ई. को अंतर्राष्ट्रीय विवादों को सुलझाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बनाया गया था। बाद में 24 अक्टूबर, 1945 ई. को जब संयुक्त राष्ट्र चार्टर अस्तित्व में आने आया। इसके बाद अप्रैल 1946 में, 46 सदस्य देशों में से 35 ने जिनेवा में बैठक कर राष्ट्र संघ के विघटन को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। इस प्रकार राष्ट्र संघ समाप्त हो गया।


आज के दिवस ज्ञान की विस्तारपूर्वक जानकारी के लिए पढ़ें 'दिवस ज्ञान विशेषांक 10 जनवरी 2025'

मधु प्रिया

# विश्व हिन्दी दिवस 10 जनवरी




विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना, हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना, हिन्दी के लिए वातावरण निर्मित करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है।विश्व हिंदी दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था। तब से यह हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी।




प्रसिद्ध विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और शिक्षाशास्त्री डॉ. जॉन मथाई का जन्म 10 जनवरी, 1886 ई. को तिरुवनंतपुरम के एक संपन्न परिवार में हुआ था। तिरुवनंतपुरम और मद्रास में शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड और लंदन विश्वविद्यालय में अपनी शिक्षा पूरी की। वे लंदन विश्वविद्यालय के डी. एस-सी. थे।

# दिवस प्रेरणा 10



## ऋतिक रोशन

( भारतीय फिल्म अभिनेता )

## बचपन में हकलाया करते थे ...

### संघर्ष

जन्म से ही ऋतिक रोशन के दाहिने हाथ पर एक अतिरिक्त अँगूठे थे। वे छह साल की उम्र में भी हकलाया करते थे जिससे उन्हें स्कूल में बहुत समस्याएं हुई। बच्चे उन्हें चिड़ाते थे, उनका मजाक बनाते थे। इस कारण वे अपना आत्मविश्वास खो चुके थे। जब कभी भी स्कूल में मौखिक परीक्षा होती थी तब वे स्कूल बंक कर देते थे। वे रातों को उठकर घंटो बिना अटके डायलॉग बोलने का अभ्यास करते थे। 21 वर्ष की उम्र में उन्हें रीढ़ की हड्डी में एक बीमारी हो गई। डॉक्टर्स ने कह दिया की वे अभिनेता कभी नहीं बन पायेंगें।

### सफलता

आज ऋतिक रोशन हिंदी फिल्मों के बहुचर्चित अभिनेता हैं। उन्होंने बॉलीवुड में कई सफल फिल्में दी हैं और अपना एक अलग मुकाम स्थापित किया है। उन्हें 6 बार फिल्मफेयर अवार्ड्स से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें भारत के सबसे आर्कषक सेलिब्रिटीज में से एक माना जाता है। अभिनय के अलावा ऋतिक रोशन स्टेज परफॉर्मर और पार्श्व गायक भी हैं। उनके द्वारा निभाए गए किरदारों को आलोचकों के साथ साथ जनता ने भी खूब सराहा है। वे किसी भी तरह के रोल करने में माहिर माने जाते हैं। अभिनय के अलावा वे अपने डांस मूव्स से भी लोगों का दिल जीत लेते हैं और बॉलीवुड में उनकी पहचान एक अच्छे डांसर के भी रूप में है।

संकलन : शशिधर उज्जवल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.01.2025

## प्रगतिशील शिक्षा

प्रगतिशील शिक्षा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से बच्चों पर केन्द्रित होती है। हम मूल रूप से उनकी स्वाभाविक जिज्ञासा और सीखने की सहज प्रेरणा में विश्वास करते हैं। शुरू से ही, वे प्रयोग करने और खोज करने के लिए उत्सुक रहते हैं। वे स्कूल में कूदने और संलग्न होने के लिए तैयार होकर आते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



देश की पहली **बुलेट ट्रेन** का पहला स्टेशन **सूरत** में लगभग बनकर तैयार हो चुका है। इस **बुलेट ट्रेन** को **मुंबई से अहमदाबाद** के बीच चलाई जाएगी।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर







## ICC टेस्ट बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | फायदा/नुकसान | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जो रुट | पहले स्थान पर | इंग्लैंड | 895 |
| 2 | हैरी ब्रूक | दूसरे स्थान पर | इंग्लैंड | 876 |
| 3 | केन विलियम्सन | तीसरे स्थान पर | न्यूज़ीलैंड | 867 |
| 4 | यशस्वी जायसवाल | चौथे स्थान पर | भारत | 847 |
| 5 | ट्रैविस हेड | पांचवें स्थान पर | ऑस्ट्रेलिया | 772 |
| 6 | तेम्बा बावुमा | तीन स्थान का फायदा | सा.अफ्रीका | 769 |
| 7 | कामिंडू मेंडिस | एक स्थान का फायदा | श्रीलंका | 759 |
| 8 | स्टीव स्मिथ | एक स्थान का नुकसान | ऑस्ट्रेलिया | 746 |
| 9 | ऋषभ पंत | तीन स्थान का फायदा | भारत | 739 |
| 10 | डेरिल मिचेल | दसवें स्थान पर | ऑस्ट्रेलिया | 725 |

# ToB TLM 159

# कैथोड किरण नली
# Cathode Ray Tube

## रसायन विज्ञान कक्षा 9









Fig. 7.2 Deflection of cathode rays.


J.J. Thomson

- कैथोड किरणों के गुणों का अध्ययन जे. जे. थॉमसन ने किया था।
- इसके अध्ययन के लिए उन्होंने विसर्ग नली या कैथोड किरण नली का उपयोग किया।
- विसर्ग नली एक कठोर कॉच की नली है जिसमें दो धातुओं का प्लेट लगा होता है जिसे इलेक्ट्रोड कहते हैं।
- बैटरी के ऋणात्मक टर्मिनल से जिस इलेक्ट्रोड को जोड़ा जाता है उसे कैथोड कहते है।
- बैटरी के धनात्मक टर्मिनल से जिस इलेक्ट्रोड को जोड़ा जाता है उसे एनोड कहते है।
- विसर्ग नली से गैस को निकालने के लिए एक निर्वात पम्प जोड़ा जाता है।

**विसर्ग नली में गैस की उपस्थिति में निम्न दाब पर 10,000 वोल्ट प्रवाहित की जाती है तो कैथोड किरण निकलती है।**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 494
वर्ष 2025 में विश्व हिन्दी दिवस की थीम क्या हैं ?
A. पर्यावरण संरक्षण और प्रेम
B. एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़
C. वन्य जीव और प्रकृति
D. खेल के प्रति सामाजिक समानता और सहानुभूति
www.teachersofbihar.org

# ToB बालमन विशेषांक


विषय : सामान्य ज्ञान

## प्रमुख देश और उनकी मुद्रा

1. भारत → रुपया
2. चीन → युआन
3. बांग्लादेश → टका
4. जापान → येन
5. नॉर्वे → नॉर्वेजियन क्रोन
6. ईरान → रियाल
7. रूस → रूबल
8. अमेरिका → डॉलर
9. म्यांमार → क्यात

धीरज कुमार


10 जनवरी
हमारी एकता और अखंडता ही
हमारे देश की पहचान है
हिंदुस्तानी हैं हम
और हिंदी हमारी जुबान है।
विश्व हिंदी दिवस पर आप सभी को
शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar




"हिंदी भाषा अनेकता में एकता को
स्थापित करने की सूत्रधार है।"

**विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari


विश्व हिन्दी दिवस
10 जनवरी 2025
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिंन्दी हमारी राष्ट्र कि अभिव्यक्ति का सरलतम स्त्रोत है।
www.teachersofbihar.org